

शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
परिस्थिति की
पाठशाला
GPS Map Camera
Dongargarh, Chhattisgarh, India
5QW8+WVC, Railway Colony, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1973°
Long 80.76719°
06/10/22 03:30 PM GMT +05:30
Google

# बैडमिंटन कोर्ट का विधायक ने किया लोकार्पण

## शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज की इसी बिल्डिंग में जल्द शुरू होंगे डीएड, बीएड के कोर्स

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग में मंगलवार को नवनिर्मित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण व कॉलेज परिसर में चेकर टाइल्स का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल, अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने की। अतिथियों ने कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया और इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, समाजसेवी हरजीत सिंह अरोरा, जनभागीदारी समिति के सदस्य मंचस्थ रहे।



अतिथियों ने रैकेट खेलकर कोर्ट का शुभारंभ किया।

बघेल व खान के प्रतिद्वंदी के रूप में पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम व उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने रैकेट संभाला। विधायक ने कहा कि कॉलेज के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। बैडमिंटन कोर्ट का जो एक नया स्वरूप महाविद्यालय में देखने को मिला है, ऐसा बैडमिंटन कोर्ट जिले में अपने आप में एकमात्र है। बैडमिंटन कोर्ट से खिलाडी छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। डोंगरगढ़ क्षेत्र के कास के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं व आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे। कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए पुरानी बिल्डिंग में डीएड व बीएड कोर्स शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, जल्द ही शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं जो डोंगरगढ़ से बाहर राजनांदगांव, रायपुर एवं अन्य शहरों में कोर्स करने नहीं जाना पड़ेगा।

### खिलाड़ियों को अभ्यास का अधिक मौका मिलेगा

अध्यक्ष खान ने कहा कि इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की सुविधा होने से खिलाडी, छात्र-छात्राओं को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। इस कॉलेज की नींव हमारे पूर्वजों ने जनभागीदारी के माध्यम से रखी थी और वर्तमान में जो स्वरूप हमें दिखाई दे रहा है उससे संस्थापक मंडल के प्रयास सार्थक हुआ है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, रिम्मी भाटिया, राजिन्द्र उजवने, गुरमीत सिंग भाटिया, बल्देव यादव, रूपचंद खोब्रागढे, किरण मेश्राम, संदीप गहरवार, शेजस श्रीवास्तव, सोहेल खान, राकेश बघेल, ईश्वर निर्मलकर, सिद्धार्थ नागदेवे, विलास जाम्बुलकर मौजूद रहे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

13 July 2022

## खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा

# कॉलेज का बैडमिंटन कोर्ट लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय के पुराने भवन में मंगलवार को नवनिर्मित इंडोर बैंडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण एवं चेकर टाईल्स का भूमिपूजन विधायक भुनेश्वर बघेल के आतिथ्य और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, हरजीत सिंह अरोरा, राहुल यादव थे।

अतिथियों ने फीता काटकर इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन हाल में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा कर किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर विधायक बघेल ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बैडमिंटन कोर्ट का जो नया रूप देखने को मिला है वह जिले में एकमात्र है। अध्यक्षता कर रहे नवाज खान ने कहा कि यह कार्यक्रम जितना छोटा है, उसका उद्देश्य उतना ही बड़ा है। इंडोर बैडमिंटन कोर्ट होने कालेज के छात्र-छात्राओं को प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्री मेश्राम, ट्रस्ट समिति अध्यक्ष श्री अग्रवाल आदि ने कालेज के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर अनिल गट्टानी, रिम्मी भाटिया, रजिन्द्र उजवने, गुरमीत सिंग भाटिया, बल्देव यादव, रूपंचद खोब्रागढे, किरण मेश्राम, संदीप गहरवार, शेजस श्रीवास्तव, सोहेल खान, राकेश बघेल, ईश्वर निर्मलकर, सिद्धार्थ नागदेवे, विलास जाम्बुलकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. ईव्ही रेवती ने किया।

# कॉलेज में बैडमिंटन कोर्ट की सौगात देकर विधायक बोले- इसी बिल्डिंग में जल्द शुरू होगी डीएड, बीएड के कोर्स

डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग में मंगलवार को नवनिर्मित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण व कॉलेज परिसर में चेकर टाइल्स का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने की। अतिथियों ने कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया और इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेला। भुनेश्वर बघेल व नवाज खान के प्रतिद्वंदी के रूप में पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम व उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने रैकेट संभाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, समाजसेवी हरजीत सिंह अरोरा, जनभागीदारी समिति के सदस्य मंचस्थ रहे। विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि कॉलेज के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत है। बैडमिंटन कोर्ट का जो एक



नया स्वरूप महाविद्यालय में देखने को मिला है, ऐसा बैडमिंटन कोर्ट जिले में अपने आप में एकमात्र है। बैडमिंटन कोर्ट से खिलाडी छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। छग शासन एवं हमारी सोच निरंतर विकास की है। डोंगरगढ़ क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए निरंतर विकास कार्य किये जा रहे है व आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे। जिससे डोंगरगढ़ के छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों को सुविधा प्राप्त होगी। बघेल ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए पुरानी बिल्डिंग में डीएड व बीएड कोर्स शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, जल्द ही शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं जो डोंगरगढ़ से बाहर राजनांदगांव, रायपुर एवं अन्य शहरों में कोर्स करने नहीं जाना पड़ेगा। अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की सुविधा होने खिलाडी, छात्र-छात्राओं को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। वर्तमान में जो बैडमिंटन कोर्ट देखने को मिल रहा ह। सकी परिकल्पना कई वर्षों से उन्होंने की थी, जो छत्तीसगढ़ राज्य में अपने आप में एक गौरव की बात है। इस कॉलेज की नींव हमारे पूर्वजों ने जनभागीदारी के माध्यम से रखी थी, और वर्तमान में महाविद्यालय का जो स्वरूप हमें दिखाई दे रहा है उससे निश्चित ही संस्थापक मंडल के प्रयास सार्थक हुए है। विधायक ने पुराने भवन के जीर्णोधार के लिए 70 लाख रूपये की स्वीकृति दिलाकर कायाकल्प किया गया है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, रिम्मी भाटिया, राजेन्द्र उइवने, गुरमीत सिंग भाटिया, बल्देव यादव, रूपचंद खोब्रागड़े, किरण मेश्राम, संदीप गहरवार, शेखर श्रीवास्तव, सोहेल खान, राकेश बघेल, ईश्वर निर्मलकर, सिद्धार्थ नागदेवे, विलास जाम्बुलकर मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. इंदौ रेवती ने किया।

# कालेज के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण एवं अन्य निर्माण कार्य का भूमिपूजन

डोंगरगढ़ (दावा)। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुराने भवन में 12 जुलाई को नवनिर्मित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण एवं महाविद्यालय परिसर में चेकर टाईल्स का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक भुनेश्वर बघेल के मुख्य आतिथ्य, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गड्डानी, समाजसेवी हरजीत सिंह अरोरा, पार्षद राहुल यादव, जनभागीदारी समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा फीटा काटकर इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया गया.इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में अतिथियों द्वारा बैडमिंटन खेलकर खिलाडी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया.महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन हाल में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण के साथ हुआ.कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया.



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री बघेल ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत है. बैडमिंटन कोर्ट का जो एक नया स्वरूप महाविद्यालय में देखने को मिला है,बैडमिंटन कोर्ट से खिलाडी छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी. श्री बघेल ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए महाविद्यालय के पुराने भवन में डी.एड. एवं बी.एड. कोर्स शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री खान ने कहा कि आज हम महाविद्यालय के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण एवं महाविद्यालय परिसर में चेकर टाईल्स भूमिपूजन कार्यक्रम में के लिए यहां एकत्रित हुए है, यह कार्यक्रम जितना छोटा दिख रहा है, इसका उद्देश्य उतना ही बड़ा है.महाविद्यालय में नवनिर्मित व सुसज्जित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की सुविधा होने महाविद्यालय के खिलाडी छात्र-छात्राओं को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होगा. वर्तमान में जो बैडमिंटन कोर्ट देखने को मिल रहा है, इसकी परिकल्पना कई वर्षों से उन्होने की थी, जो छत्तीसगढ़ राज्य में अपने आप में एक गौरव की बात है. महाविद्यालय के विकास एवं छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए किये गये विकास कार्यों के लिए उन्होंने क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल के प्रयास एवं उनकी युवा सोच की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया. उन्होंने बताया कि इस सत्र से कला संकाय के अंतर्गत बीए , एम.ए. की कक्षाओं का संचालन सहित क्रीड़ा विभाग, एन.सी.सी एवं एन.एस.एस. ईकाई की कक्षायें पुराने महाविद्यालय भवन में ही संचालित की जायेगी.

उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम द्वारा अपनी अध्यक्ष निधि से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा एवं सौंदर्यीकरण के लिए महाविद्यालय परिसर में चेकर टाईल्स की सौगात मिलने पर महाविद्यालय परिवार को बधाई दी. कार्यक्रम को पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम. मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष,मनोज अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के निरंतर विकास, छात्र-छात्राओं की सुविधा विस्तार एवं एक नई युवा सोच के साथ हो रहे निरंतर विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की. कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम द्वारा महाविद्यालय परिसर में चेकर टाईल्स का भूमिपूजन किया गया. कार्यक्रम में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गड्डानी, रिम्पी भाटिया, रजिन्द्र उजवने, गुरमीत सिंग भाटिया, बल्देव यादव, रूपचंद खोब्रागढ़े, किरण मेश्राम, संदीप गहरवार, शेजस श्रीवास्तव, सोहेल खान, जनभागीदारी समिति के सदस्य, राकेश बघेल, ईश्वर निर्मलकर, सिद्धार्थ नागदेवे, विलास जाम्बुलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिकगण, महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. ई.व्ही. रेवती ने किया.


शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
B+
NAAC
इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण एवं महाविद्यालय
परिसर में चेकर टाईल्स भूमिपूजन
नांक - 12.07.2022, दिन - मंगलवार
GPS Map Camera
Gajmarra
Google
Dongargarh, Chhattisgarh, India
5PJW+MC9, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.181085°
Long 80.745314°
12/07/22 12:12 PM


GPS Map Camera
Gajmarra
Google
Dongargarh, Chhattisgarh, India
5PJW+MC9, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.180712°
Long 80.745731°
12/07/22 11:38 AM



अध्ययन केन्द्र-डोंगरगढ़
भूमि पूजन
GPS Map Camera
Gajmarra
Google
Dongargarh, Chhattisgarh, India
5PJW+MC9, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.180924°
Long 80.745671°
12/07/22 11:48 AM


इंडोर बेडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण एवं महाविद्यालय
परिसर में चेकर टाईल्स भूमिपूजन
दिनांक – 12.07.2022, दिन –
GPS Map Camera
Dongargarh, Chhattisgarh, India
5PJW+MC9, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.181068°
Long 80.745369°
12/07/22 12:06 PM
Gajmarra
Google